Title : Need to provide special package to the Government of Uttar Pradesh to meet the imminent threat posed to the villages on the banks of river Ghagra, in Salempur Parliamentary Constitutency due to rise in its water level.

(xi) Need to provide special package to the Government of Uttar Pradesh to meet the imminent threat posed to the villages on the banks of river Ghagra, in Salempur Parliamentary Constituency due to rise in its water level

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में घाघरा नदी के कटाव से घाघरा नदी के किनारे बरहज बाजार में रामजानकी मार्ग मेहियवा तक बसे 40 गांवों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। कभी भी अधिक बारिश से या घाघरा नदी का जल स्तर बढ़ने से ये सभी गांव नदी के पेट में समा जाएंगे जिसमें हजारों लोगों की जान जा सकती है और करोड़ों रुपये की सम्पत्ति नट हो जाएगी। इस कटाव के कारण होने वाले सर्वनाश से इन गांवों को बचाने के लिए 2 फरवरी, 2005 से कई कार्य किए जा रहे हैं, परन्तु अभी तक कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकले हैं। इस संबंध में लोगों के निवेदन पर 20 जुलाई, 2005 को देवरिया के जिलाधिकारी एवं अधीक्षण अभियंता मौके पर पहुंचे और वहां पर इस कार्य की समीक्षा की गई और इस कार्य को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए िवचार कर कए नई योजना का प्रस्ताव तैयार किया गया है जिसे जनहित में इसी साल क्रियान्वित किया जाना आवश्यक है, परन्तु वर्तमान समय में प्रदेश सरकार की िवत्तीय हालत को देखते हुए उक्त कार्य को इस साल करना असम्भव लगता है।

मैं इस मान्य सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि घाघरा नदी के कटाव से उक्त गांवों को डूबने से बचाने के लिए केन्द्र सरकार प्रस्तावित योजना को पूरा कराने के लिए उत्तर प्रदेश को विशे पैकेज देने की तत्काल व्यवस्था करे।

उपाध्यक्ष महोदय : डॉ. धीरेन्द्र अग्रवाल - अनुपस्थित